एक नजर इधर भी

चिकित्सा पेशा नहीं, मानवता की सेवा का माध्यम-मंडलायुक्त

हेरिटेज मेडिकल कॉलेज भदवर में २५० भावी चिकित्सकों ने चरक शपथ लेकर सेवा का लिया संकल्प

भदवर स्थित हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में एमबीबीएस के १२वें बैच के २५० नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत में इंडक्शन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने कहा

कि चिकित्सा ज्ञान के साथ संवेदनशीलता, ईमानदारी और मरीजों के प्रति सहानुभूति अच्छे चिकित्सक के आवश्यक गुण हैं। चेयरमैन डॉक्टर सिद्धार्थ राय, निदेशक डॉक्टर आकाश राय, प्रधानाचार्य कर्नल (डॉक्टर) एस.के. झा और चिकित्सा अधीक्षक ब्रिगेडियर (डॉक्टर) अवतार नारायण ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को महर्षि चरक शपथ दिलायी। संस्थान की ३२ वर्षों की यात्रा पर वीडियो प्रस्तुति भी हुई। 'द सोल बैंड' ने संगीत प्रस्तुत किया। समारोह में श्रीमती प्रियंका राय, डॉक्टर रिचा राय, डॉक्टर अलीशा राय, डॉक्टर संदीप गुप्त, डॉक्टर कुणाल चटर्जी, डॉक्टर सौरभ अग्रवाल, डॉक्टर एस.के. पांडेय, डॉक्टर महक, डॉक्टर शिखा और डॉक्टर सोनू अजमानी सहित अन्य चिकित्सक, अधिकारी, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

पुष्पवर्षा से हुआ महाराज अग्रसेन शोभायात्रा का भव्य स्वागत

बाल सखा परिषद वाराणसी ने बासफाटक में किया अभिनंदन, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी रहे मौजूद

श्री काशी अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित १२ दिवसीय महाराज अग्रसेन जयंती समारोह के अंतर्गत निकाली गयी भव्य शोभायात्रा का बासफाटक में बाल सखा परिषद वाराणसी ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा शाहपुरी माल से प्रारंभ होकर ज्ञानवापी चौक, नीचीबाग और बुलानाला होते हुए मैदागिन स्थित अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं और

समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। बाल सखा परिषद की ओर से समाजसेवी विमल कुमार त्रिपाठी, मनोज अग्रवाल, भुवन नारायण सिंह, रघुदेव अग्रवाल और अभिषेक त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के सभापति संतोष अग्रवाल, प्रधानमंत्री डॉक्टर रचना अग्रवाल, अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय के अध्यक्ष बल्लभ दास अग्रवाल, प्रबंधक पंकज अग्रवाल, सह प्रबंधक दिनेश कुमार अग्रवाल 'डोरी वाले' तथा भंडार मंत्री मनीष अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। आयोजन में समाज की एकजुटता और महाराज अग्रसेन के आदर्शों के प्रति श्रद्धा देखने को मिली।

शहरमें बिना अनुमति गड्ढा खोदने वाली कम्पनियोंपर दर्ज होगी प्राथमिकी

कायाकल्प में नागरिकों को सुविधा में मिलेगा रफ्तार, कार्यकारिणी की बैठक में सदस्यों ने लिया निर्णय

नवरात्र में सभी घाटों पर युद्धस्तर पर सफाई कराने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर मंदिरों की ओर जाने वाले मार्गो, गलियों और सड़कों पर समुचित सफाई एवं पथप्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने का भी निर्णय लिया गया है। यह बात नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को कार्यकारिणी की हुई बैठक में सभापति अशोक कुमार तिवारी ने सदस्यों की मंसा के बाद निर्देश दिया। बैठक में सदस्यों ने शहर के चौतरफा विकास के लिए विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता के साथ रखा, जिसमें धारा ९१(१) के तहत

१२ प्रमुख पर्यटन स्थलों के सुंदरीकरण के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

काशी गोसंरक्षण एवं निरीक्षण की उपविधि २०२६ ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया के सरलीकरण और प्रमुख घाटों एवं पर्यटन स्थलों के कायाकलप के लिए करोड़ो रूपये के विकास परियोजना को सदस्यों ने हरी झण्डी दे दी। कार्य सूची में निगम के महत्वपूर्ण नीतिगत प्रस्तावों पिछली बैठक के कार्यवृत्ति के पूर्ति के साथ-साथ सेवारत व सेवानिवृत्त शासकीय कर्मियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों की निस्तारण प्रक्रिया के शासनादेश को हरी झंडी मिल गयी। नवरात्र, विजयादशमी, छठ पूजा और देव दीपावली जैसे त्योहारों को देखते हुए धारा ९१(२) के तहत जनहित मुद्दों पर नगर आयुक्त को निर्देश देने का आदेश प्रस्तुत किया गया, जिसमें उपसभापति नरसिंह दास ने कार्यकारिणी का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि गंगा नदी में बाढ़ के बाद घाटों पर भारी मात्रा में एकत्र हुए सील्ट आगामी छठ पूजा और देव दीपावली को ध्यान में रखते हुए घाटों पर युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया जाय। नवरात्र के अवसर पर काशी के सभी दुर्गा मंदिर जाने वाले मार्ग की सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाय। सभापति ने चर्चा के बाद ऋषि मांडवी जोन में दाखिल खारिज हो रही विसंगतियों के लेकर नाराजगी जतायी। इसके अलावा पुराने वार्डो में सीवर व पाइप लाइन बिछाने का कार्य सुस्त होने पर अफसोस जाहिर किया। उन्होंने जल निगम के

अधिकारियों को मैनपावर बढ़ाने एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। मुख्य अभियंता १५ दिनों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कार्यकारिणी सदस्यों की नाराजगी देखते हुए बिजली विभाग और गेल कम्पनी के स्तर से सड़क पर गड्ढा खोदने को लेकर नाराजगी व्यक्त की और गेल कम्पनी को नोटिस देते हुए प्राथमिकता दर्ज कराने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देश दिया। वही स्वास्थ्य प्रभारी एवं अपर नगर आयुक्त ने दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए अस्थायी कुण्डो की तैयारी अंतिम चरण में होने की बात कही। पार्षद प्रवीण राय ने उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कुत्तों के बंध्याकरण की सूची और शहर में बढ़ रहे बंदरों से मुक्ति दिलाने के लिए विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकारिणी के समक्ष अपनी मांग रखी। आधा-अधूरा जबाब देते हुए पशु चिकित्सा एव कल्याण अधिकारी डाक्टर विजय अमृतराज ने बताया कि एबीसी सेंटर में १३२ कुत्तों को रखने की क्षमता है, जिसे बढ़ाकर ३०० किया जा रहा है। १० से १२ प्रतिदिन बंध्याकरण की जगह २० से २५ करने की योजना है। उन्होंने खौफनाफ बंदरों से बचने वाली प्रस्ताव को टालमटोल कर दिया। स्ट्रीट लाइट और हाईमास्क खराब होने के सम्बन्ध में पार्षद मदन मोहन तिवारी ने बताया कि सम्बंधित फर्म की लाइनमैन इसको दुरूस्त नही कर रहे है। नवरात्र में पथप्रकाश बुझे रहने से श्रद्धालुओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वही पार्षद संजय जायसवाल ने दो वर्षो के भीतर पौधा रोपण के सम्बन्ध में सूची मांगी एवं सीवर ओवरफ्लो होने पर जलकल की जिम्मेदारी तय करने की मांग की। पार्षद राजकपूर चौधरी ने निजी सफाई बेस्ट सॉल्यूशन कम्पनी के खिलाफ काररवाई करने का प्रस्ताव रखा है। वही स्मार्ट सिटी परियोजना में दो वर्षो में प्राप्त व्यय धनराशि एवं अनुबंधन की प्रगति मांगी। करसड़ा-कूड़ा निस्तारण प्लांट की प्रगति का प्रस्ताव बलिराज कन्नौजिया ने रखा। जबकि

खौफनाक बंदरों पर जवाब न देने पर पार्षदने पशु कल्याण अधिकारी पर जताई नाराजगी

पार्षद सुशीला ने १० वार्डो में जल-जमाव की समस्या के निस्तारण के लिए बीएचयू आईआईटी से प्रस्ताव मांगने की मांग की। वहीं पार्षद गोविन्द प्रकाश सिंह १० प्रतिशत से अधिक बिलों पर टेण्डर डालने के लिए स्वीकृति संकल्प के उल्लंघन की बात कही। जिसकी वजह से टेण्डर के कार्यो में गुणवत्ता की कमी होती है। माधुरी सिंह ने रामलीला स्थल तीन सिफ्ट सफाई कराने, पार्षद इंदिरा रानी ने स्मार्ट सिटी एप पर गलत सूचना देने पर आश्चर्य व्यक्त किया, साथ यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रस्तावों को नगर निगम के सामने रखा जाय। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार चौधरी, संदीप रघुवंशी सहित अन्य पार्षद वही मौजूद थे। नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारियों में अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, बर्खा सिंह, मुख्य लेखा परीक्षक संजय प्रकाश सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश चन्द्र, उद्यान अधीक्षक, जलकल सचिव सुरेश वर्मा, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला सहित अन्य विभागों के जोनल अधिकारी शामिल थे।

दून और कुंभ एक्सप्रेस से 24 कछुआ बरामद, बड़ी तस्करी का भंडाफोड़, एक तस्कर गिरफ्तार

जीआरपी, आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने सोमवार की शाम कैंट रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान कछुओं की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। दो अलग-अलग ट्रेनों से कुल 24 कछुए बरामद किए गए हैं। जीआरपी इंस्पेक्टर रजोल नागर के अनुसार गाड़ी संख्या 13010 दून एक्सप्रेस से छोटी साइज के 18 कछुए बरामद हुए। वहीं गाड़ी संख्या 13038 कुंभ एक्सप्रेस के जनरल बोगी से बड़ी साइज के छह कछुए बरामद किए गए। इस दौरान कुंभ एक्सप्रेस से अमेठी के जगदीशपुर गांधी नगर निवासी तस्कर मोनू कंजड़ को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि तस्कर इन कछुओं को पश्चिम बंगाल ले जा रहा था, जहां इनकी बाजार में भारी मांग है। बरामद कछुओं की गिनती के बाद वन विभाग को सूचना दी गई और सभी कछुओं को वन विभाग के हवाले कर दिया गया।जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बीएचयू के चिकित्सा शिक्षकों को मिला प्रतिष्ठित सदस्यता सम्मान

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के सात चिकित्सा शिक्षकों को राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली की प्रतिष्ठित सदस्यता से सम्मानित किया गया है। चेन्नई में १० अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। वर्ष २०२६ के लिए सम्मानित होने वालों में डाक्टर भुवाल राम, डाक्टर अखिलेश चंद्र, डाक्टर दीपा रानी, डाक्टर अभिषेक पाठक, डाक्टर वरुण कुमार सिंह, डाक्टर सौमिक घोष, डाक्टर प्रसेनजीत बोस एवं डाक्टर विश्वाम्बर शामिल हैं। इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी के चिकित्सा विज्ञान संस्थान प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफेसर टी.पी. चतुर्वेदी और प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एस.एन. संखवार ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी।

आर्य महिला कॉलेज में छात्राओं ने सीखे एआई और डिजिटल मार्केटिंगके गुर

चेतगंज स्थित आर्य महिला पीजी कॉलेज में सोमवार को समाजशास्त्र विभाग की ओर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल मार्केटिंग के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित की गयी। मुख्य वक्ता राज किशोर, संस्थापक एवं डिजिटल मार्केटिंग मेंटर, आईआईटी कानपुर तथा विपणन निदेशक, हिताची वनतारा ने एआई की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और संचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यप्रणाली को प्रभावी बना रहा है। इसके साथ ही डेटा सुरक्षा, गोपनीयता, नैतिक उपयोग और रोजगार के बदलते स्वरूप जैसी चुनौतियों के प्रति भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को डिजिटल कौशल विकसित करने और नयी तकनीकों का जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रोफेसर रचना दुबे, डॉक्टर कंचन, डॉक्टर बिथिका दास, डॉक्टर दीपमाला जायसवाल, डॉक्टर विकास शारदे, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर शिव कुमार मौर्य, डॉक्टर दीपिका दीक्षित और डॉक्टर विकास सिंह उपस्थित रहे। संचालन डॉक्टर विकास शारदे तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर बिथिका दास ने किया।

आर्य महिला कालेज में ओपन माइक कार्यक्रम

आर्य महिला पी. जी. कालेज में अंग्रेजी विभाग एवं इंडिक वारीयर्स लीटरेरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण ओपन माइक कार्यक्रम सोमवार को महर्षि ज्ञानानंद हॉल में आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल प्रस्तुत करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता-पाठ, शायरी, गायन, एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रोफेसर रचना दुबे (संरक्षक) एवं कार्यक्रम संयोजक विभागाध्यक्ष डाक्टर भानुमति मिश्र, डाक्टर कुमारी प्रीति, डाक्टर अमित कुमार शुक्ला, डाक्टर प्रियदर्शिनी मिश्र, डाक्टर प्रतिमा सिंह, अनुजा रंजन, नोरिता दास एवं विष्णु मोहन पाठक, सह-संयोजक की भूमिका में उपस्थित रहे।